राजकीय महाविद्यालय (बासा) गोहर, तहसील चच्योट, जिला मण्डी, हिमाचल प्रदेश के छात्र निधि लेखों का अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन

अवधि 04/2009 से 03/2014

भाग–एक

1 **प्रारम्भिकः–**

(क) अंकेक्षण अवधि के दौरान महाविद्यालय बासा (गोहर) में कार्यरत प्राचार्य एंव आहरण व वितरण अधिकारी की कार्य अवधि का विरण निम्न प्रकार से हैः–

क्र0सं0	प्राचार्य का नाम	कार्यकाल अवधि
1	श्री कृष्ण विद्या	1.4.2009 से 24.4.2010
2	डा0 कमल कान्त	5.6.2010 से 31.3.2014

(ख) गम्भीर अनियमितताओं का सारः–

राजकीय महाविद्यालय बासा (गोहर) जिला मण्डी के अंकेक्षण अवधि 4/2009 से 3/2014 के दौरान पाई गई गम्भीर अनियमितताओं का संक्षिप्त सार निम्न प्रकार से है।

क्र0सं0	विवरण	पैरा सं0	राशि (₹)
1	औपचारिकताओं को पूर्ण किए बिना पुस्तकों की अनियमित खरीद	10	1,49,654
2	अग्रिम राशि का समायोजन न करने बारे	13	37,500
3	ऋण की राशि का अनियमित भुगतान	9	20,000
4	समिश्रित निधि से कार्यालय के बिजली बिलों का अनियमित भुगतान	11	13,355
5	जुर्माना निधि की कम वसूली बारे	8	7,651
6	प्राप्त राशि को निधि संग्रह रजिस्टर मे कम दर्ज करने बारे	6	1,436
7	पुस्तकालय में देरी सें वापिस की गई पुस्तकों के लिए जुर्माने की राशि की वसूली न करना	7	1,175

(ग) गत अंकेक्षण प्रतिवेदनः–

राजकीय महाविद्यालय बासा (गोहर) द्वारा गत अंकेक्षण प्रतिवदनों के शेष पैरों पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई, जोंकि अत्यन्त चिन्ताजनक है। अतः महाविद्यालय लम्बित पैरों के निपटारे हेतु विशेष अभियान/कार्रवाई करनी सुनिश्चित करे तथा अनुपालना से इस विभाग को अवगत करवाया जाए ताकि अधिक से अधिक पैरों का निस्तांरण सम्भव हो सके। गत प्रतिवेदनों के पैरों की नवीनतम स्थिति का विवरण परिशिष्ट (A) में दिया गया है।

भाग–दो

2 वर्तमान अंकेक्षणः–

राजकीय महाविद्यालय बासा (गोहर) के अवधि 4/2009 से 03/2014 के छात्र निधि लेखाओं का वर्तमान अंकेक्षण एव निरीक्षण श्री तारा चन्द महन्त, सहायक नियन्त्रक (लेखा परीक्षा) व श्री पुनीत कुमार, आर्टिकल सहायक द्वारा दिनांक 17.1.2015 से 11.2.2015 के दौरान बासा (गोहर) में किया गया। आय व व्यय की विस्तृत जाँच के लिए क्रमशः माह 6/2009, 12/2010, 6/2011, 11/2012, 6/2013 तथा माह 12/2009, 11/2010, 9/2011, 7/2012, 12/2013 के लेखाओं चयन किया गया जिसके परिणामों को आगामी पैरों ग्राफो में समाविष्ट किया गया है।

इस अंकेक्षण प्रतिवेदन का प्रारूपण प्रधानाचार्य राजकीय महाविद्यालय बासा (गोहर) द्वारा उपलब्ध करवाए गए अभिलेख तथा सूचनाओं के आधार पर किया गया है। स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग उक्त महाविद्यालय द्वारा उपलब्ध करवाई गई किसी गलत सूचना अथवा सूचना उपलब्ध न करवाने के कारण पाई गई अनियमितता के लिए किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा। अंकेक्षण का उत्तरदायित्व केवल चयनित मास तक ही सीमित होगा।

3 अंकेक्षण शुल्कः–

राजकीय महाविद्यालय बासा (गोहर) के अवधि 4/2009 से 3/2014 के लेखों के अंकेक्षण करने का शुल्क हिमाचल प्रदेश सरकार की अधिसूचना संख्या 1–459/92 फिन (एल ए)–Vol-1-6621 दिनाँक 1.11.2014 के अनुसार ₹40,000 (8,000x5वर्ष) बनता है, अंकेक्षण शुल्क की राशि को रेखांकित बैक ड्राफ्ट के माध्यम से निदेशक, स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग शिमला–171009 को भेजने के लिए सहायक नियन्त्रंक (लेखा परीक्षा) की अधियाचना संख्या ए0सी0 आडिट एल0ए0डी0 473 दिनाँक 10.2.2015 द्वारा प्राचार्य राजकीय महाविद्यालय गोहर से

अनुरोध किया गया। महाविद्यालय द्वारा अंकेक्षण शुल्क की राशि ₹40,000 का भुगतान परिक्षक स्थानीय निधि लेखा हि0प्र0 शिमला को हिमाचल प्रदेश स्टेट को–आपरेटिव बैंक गोहर के बैक ड्राफ्ट न0 439859 दिनाँक 10.2.2015 द्वारा कर दिया गया है।

4 वित्तीय स्थितिः–

राजकीय महाविद्यालय बासा (गोहर) के निधि लेखाओं अवधि 4/2009 से 3/2014 तक की वित्तीय स्थिति निम्न प्रकार है तथा विस्तृत विवरण **परिशिष्ट–"B"** में दिया गया है।

(i) विश्वद्यिालय निधि (University Fund)

वर्ष	गत शेष	आय	व्याज	कुल जमा	भुगतान	अन्तशेष
2009—10	1,32,573	25,270	5,082	1,62,925	14,304	1,48,621
2010—11	1,48,621	74,950	5,373	2,28,944	82,254	1,46,690
2011—12	1,46,690	95,941	6,065	2,48,696	1,49,749	98,947
2012—13	98,947	1,71,597	4,185	2,74,729	2,09,760	64,969
2013—14	64,969	1,48,826	3,275	2,17,070	1,60,536	56,534

अन्त शेष का विवरण

(i) रोकड़वही में दर्ज राशि ₹56,534

(ii) बैक खाता सं0 310101103178 में जमा राशि ₹56,534

(iii) पुस्तकालय प्रतिभूति निधि (Library Security Fund)

वर्ष	गत शेष	आय	व्याज	कुल जमा	भुगतान	अन्तशेष
2009—10	2,02,977	26,200	23,719	2,52,896	4,100	2,48,796
2010—11	2,48,796	28,170	9,529	2,86,495	—	2,86,495
2011—12	2,86,495	30,500	11,973	3,28,968	23,175	3,05,793
2012—13	3,05,793	29,300	5,644	3,40,737	2,35,642	1,05,095
2013—14	1,05,095	52,400	5,843	1,63,338	—	1,63,338

अन्त शेष का विवरण

(i) रोकड़वही में दर्ज राशि ₹1,63,338

(ii) बैक खाता सं0 31010103177 में जमा राशि ₹1,63,338

(iii) मिश्रित निधि (Union Fund)

2009—10	2,64,848	3,49,932	27,307	6,42,087	4,03,252	2,38,835
2010—11	2,38,835	5,52,855	13,896	8,05,586	3,68,558	4,37,028
2011—12	4,37,028	6,46,561	23,556	11,07,145	5,12,334	5,94,811
2012—13	5,94,811	8,17,084	32,050	14,43,945	6,71,896	7,72,049
2013—14	7,72,049	10,83,172	47,724	19,02,945	5,06,570	13,96,375

अन्त शेष का विवरण

(i) रोकड़वही में दर्ज राशि **₹13,96,375**

(ii) बैक खाता सं0 31010103179 में जमा राशि **₹13,96,375**

(iv) छात्रावास प्रतिभूति निधि (Hostel Security Fund)

वर्ष	गत शेष	आय	व्याज	कुल जमा	भुगतान	अन्तशेष
2011—12	—	28,158	576	28,734	6,158	22,576
2012—13	22,576	32,000	640	55,216	24,000	31,216
2013—14	31,216	60,000	1,816	93,032	43,254	49,778

अन्त शेष का विवरण

(i) रोकड़वही में दर्ज राशि **₹49,778**

(ii) बैक खाता सं0 31010109956 में जमा राशि **₹49,778**

(iv) छात्रावास विविध निधि (Hostel Misc Fund)

2010—11	—	3,69,440	4,728	3,74,168	3,17,933	56,235
2011—12	56,235	21,540	605	78,290	73,698	4,592
2012—13	4,592	39,740	503	44,835	35,744	9,091
2013—14	9,091	48,990	930	59,011	54,600	4,411

अन्त शेष का विवरण

(i) रोकड़वही में दर्ज राशि **₹4,411**

(ii) बैक खाता सं0 31010109360 में जमा राशि **₹4,411**

5 विलम्ब शुल्क की राशि ₹270 की कम वसूलीः–

रजिस्ट्रार हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला के पत्र संख्याः 4–19/2010 एच0पी0यू0 (एसीएडी) दिनाँक 14.5.10 द्वारा जारी दिशा निर्देशों के अनुसार ग्रीष्मकालीन महाविद्यालयों में मई माह के दूसरे सोमवार से 30 दिन तक अवकाश था तथा महाविद्यालय खुलने पर 10 दिन तक बिना बिलम्ब शुल्क प्रवेश दिया जाना था उसके पश्चात आगामी 10 दिन तक बिलम्ब शुल्क के साथ प्रवेश दिया जाना था। उपरोक्त प्रवेश शड्यूल के अनुसार दिनाँक 10.5.2010 से 8.6. 2010 तक महाविद्यालय में अवकाश था 9.6.2010 से 18.6.2010 तक बिना विलम्ब शुल्क तथा 19.6.2010 से 28.6.2010 तक बिलम्ब शुल्क के साथ प्रवेश दिया जाना था। लेखा परीक्षा के दौरान पाया गया कि दिनाँक 19.6.2010 को रसीद संख्या 854 से 880 द्वारा 27 विद्यार्थियों को प्रवेश दिया गया। लेकिन इन विद्यार्थियों से ₹10 विलम्ब शुल्क प्राप्त नही किया गया। दिनाँक 19.6.2010 को प्रवेश देने पर बिलम्ब शुल्क प्राप्त न करने बारे स्थिति स्पष्ट की जाये तथा कम प्राप्त राशि ₹270/– (27X10) की उचित माध्यम से वसूली करके अनुपालना आगामी अंकेक्षण में दिखाई जाये।

6 शुल्क व निधियों की राशि ₹1,436 को निधि संग्रह रजिस्टर में कम दर्ज करने के फल स्वरूप बैंक खातों में जमा न करवानाः–

अवधि 4/2009 से 3/2014 के दौरान आय से सम्बन्धित रसीदों की जाँच करने पर पाया गया कि निम्नलिखित रसीदों द्वारा छात्रों से वसूल की गई फीस एवं निधि की राशि को निधि संग्रह रजिस्टर में कम दर्ज किया गया अतः छात्रों से प्राप्त की गई राशि को निधि संग्रह रजिस्टर में कम दर्ज करने का औचित्य स्पष्ट करें तथा इस सन्दर्भ में समुचित कार्रवाई अमल में लाते हुये इन रसीदों से प्राप्त राशियों को निधि संग्रह रजिस्टर में दर्ज करके व अपेक्षित राशि को सम्बन्धित बैकों में जमा करवाकर अनुपालना की जाँच आगामी अंकेक्षण में करवाई जाये।

क0 सं0	दिनाँक	रसीद न0	नाम	कक्षा	रो0न0	प्राप्त राशि	मांग व सग्रह रजिस्टर में दर्ज राशि (₹)	कम दर्ज राशि (₹)
1	9.7.2009	7360	राकेश कुमार	B.A I st	495	876.00	130.00	746.00
2	10.7.2009	7370	महाविद्यालय कैटीन किराया	–	–	330.00	300.00	30.00

3	6.12.2010	1749	विपाशा शर्मा	BSC I st	1520	830.00	710.00	120.00
4	17.6.2011	0342	उषा देवी	B.A II nd	2176	805.00	500.00	305.00
5	20.6.2011	0513	दलीप सिंह	B.A II nd	2223	855.00	680.00	175.00
6	28.6.2011	0561	भुवनेश्वर	BSC II nd	2529	790.00	730.00	60.00
							कुल राशि	**₹1,436.00**

7 पुस्तकालय में देरी सें वापिस की गई पुस्तकों के लिए देय जुर्माने की राशि ₹1,175 वसूली न करनाः—

अवधि 4/2009 से 3/2014 तक के पुस्तकालय रजिस्टरों की जाँच करने पर पाया गया कि छात्रों द्वारा पुस्तकालय से जारी पुस्तको को निर्धारित समय (14 दिनो) के भीतर वापिस नही किया गया था इन छात्रों से एक रूपये प्रतिदिन प्रति पुस्तक की दर से जुर्माना वसूला जाना अपेक्षित था परन्तु महाविद्यालय द्वारा देरी से वापिस की गई पुस्तकों के लिए जुर्माने की राशि ₹1,175 की वसूली नही की गई जिसका विस्तृत विवरण परिशिष्ट (C) में दिया गया है देरी से वापिस की पुस्तकों के लिए जुर्माने की राशि वसूल न करने के बारे स्थिति स्पष्ट की जाये तथा अपेक्षित वसूली उचित स्त्रोत से करके सम्बन्धित निधि खाते में जमा करवाई जाए। अनुपालना से इस विभाग को अवगत करवाया जाये।

8 जुर्माना निधि की राशि ₹7,651 की कम वसूलीः—

जुर्माना निधि से सम्बन्धित अभिलेख अवधि 4/09 से 3/2014 की जाँच में पाया गया कि महाविद्यालय द्वारा वर्ष 2009—10 व 2010—11 के दौरान विद्यार्थियों से जुर्माना निधि की राशि ₹7,651 की कम वसूली की गई है। इस राशि का विस्तारपूर्वक विवरण परिशिष्ट (डी) पर दिया गया है। अतः विद्यार्थियों से जुर्माना निधि के रूप में कम वसूली के बारे में स्थिति स्पष्ट की जाये तथा राशि ₹7,651 की वसूली उचित स्त्रोत से करके सम्बन्धित निधि के खाते में जमा करवाई जानी सुनिश्चित की जाये अनुपालना से इस विभाग को अवगत करवाया जाये।

9 मिश्रित निधि से रा0 महाविद्यालय निहरी त0 सुन्दर नगर को ₹20,000.00 के ऋण का अनियमित भुगतानः—

जाँच के दौरान पाया गया कि राजकीय महाविद्यालय बासा (गोहर) द्वारा ₹20,000.00 ऋण की राशि का भुगतान राजकीय महाविद्यालय निहरी त0 सुन्दर नगर को उनकी

अफिलिएशन फीस (Affiliation fee) के अन्तर्गत चैक सं0 6244020 दिनाँक 27.11.2012 के द्वारा समिश्रित निधि से किया गया है जो कि इस महाविद्यालय की छात्र निधियों पर उचित प्रभार नहीं है। अतः भुगतान की गई ऋण की राशि को राजकीय महाविद्यालय निहरी त0 सुन्दर नगर जिला मण्डी से वसूल करके रा0 महाविद्यालय बासा (गोहर) की छात्र निधि में जमा करवाकर अनुपालना से इस विभाग को अवगत करवाया जाना सुनिश्चित करें।

10 औपचारिकताओं को पूर्ण किए बिना राशि 149654.00 की पुस्तकों की अनियमित खरीद करनाः—

नियमों के अनुसार ₹3000 से अधिक के मूल्य के सामान की खरीद बिना कोटेशन से नहीं की जा सकती परन्तु राजकीय महाविद्यालय बासा (गोहर) द्वारा बिना कोटेशन के ₹149654.00 की पुस्तकों की खरीद समिश्रित निधि से की गई जिसका विवरण निम्नानुसार है।

कमांक	दिनाँक	बिल सं0	राशि	फर्म का नाम
1	12.4.2012	1470	11169	नरेन्द्र बुक स्टॉल मण्डी
2	12.4.2012	1772	24221	नरेन्द्र बुक स्टॉल मण्डी
3	12.4.2012	1473	8768	नरेन्द्र बुक स्टॉल मण्डी
4	12.4.2012	1474	26041	नरेन्द्र बुक स्टॉल मण्डी
5	12.4.2012	1476	15772	नरेन्द्र बुक स्टॉल मण्डी
6	12.4.2012	1478	17302	नरेन्द्र बुक स्टॉल मण्डी
7	12.4.2012	1482	91.15	नरेन्द्र बुक स्टॉल मण्डी
8	12.4.2012	1484 to 1489	35541	नरेन्द्र बुक स्टॉल मण्डी
9	12.4.2012	1490	1725	नरेन्द्र बुक स्टॉल मण्डी
		कुल राशि	**149654**	

अतः नियमों की अवहेलना करने का औचित्य स्पष्ट किया जाये। उक्त व्यय सक्षम अधिकारी की स्वीकृति से नियमित करवाने के अतिरिक्त निम्न अभिलेख व खरीद से अपेक्षित प्रमाण पत्र आगामी अंकेक्षण के दौरान प्रस्तुत करें।

(1) खरीद समिति (pruchase committees) द्वारा प्रमाणित पुस्तको की मुल्य सारिणी (price cataluge)

(2) सम्बन्धित बिलों पर यह प्रमाण पत्र भी अंकित किया जाना सुनिश्चित करें की प्राप्त पुस्तके नवीनतम संस्करण की (of latest Edition) है।

11 समिश्रित निधि से कार्यालय बिजली के बिलों की राशि ₹13355 का अनियमित भुगतानः–

जाँच के दौरान पाया गया कि महाविद्यालय द्वारा मिश्रित निधि से निम्नानुसार कार्यालय के बिजली के बिलों का भुगतान किया गया जो इस निधि पर उचित प्रभार नही था अतः भुगतान किए गए बिजली के बिलों की राशि की उचित स्त्रोत से निकलवाकर समिश्रित निधि में जमा किया जाना सुनिश्चित करें।

क0सं0	चैंक सं0	दिनाँक	बिजली के बिलों पर भुगतान की राशि
1	6229697	11.2.11	2435
2	6229676	20.11.10	544
3	6244584	15.03.11	1937
4	6244598	22.4.11	1898
5	025714	19.8.11	1965
6	5342837	17.11.11	207
7	756832	12.19.12	4369
		कुल राशि :–	₹13355

12 बैड मिन्टन किटो को 50% रियायती दरों पर जारी करने के कारण देय राशि ₹657 की वसूली न करनाः–

जाँच के दौरान पाया गया कि रा0 महाविद्यालय द्वारा मु ₹7540.00 की राशि का व्यय जिला ऊना में दिनाँक 15.9.11 से 19.9.11 तक आयोजित अन्तर महाविद्यालय (inter collage) वैड़मिन्टन (Badminton) प्रतियोगिता के लिए निम्नानुसार किया गया।

1	बस किराया बासा से ऊना	1800.00
2	शटल कॉक की खरीद पर कैश मेमो 94 दिनाँक 16.9.2011 को व्यय	200.00
3	मैथ फीस	600.00
4	खिलाडियों को भुगतान डी0 ए0	2000.00
5	मैच के दौरान अल्पहार पर व्यय	375.00
6	टुर्नामैन्ट से पहले अल्पहार	1250.00
7	5 बैडमिन्टन किट कैश मेमो शून्य दिनाँक 5.09.11	1315.00
	कुल राशि	**₹7540.00**

महाविद्यालय द्वारा 5 न0 बैडमिन्टन किट का इन्द्राज स्टॉक रजिस्टर पेज सं0 18 दिनाँक 5.3.2012 को किया गया तथा उपरोक्त किट खिलाडियों को 50% रियायती दर से जारी की गई। परन्तु ₹657.00 की वसूली सम्बन्धित छात्रों से नही की गई जिसका औचित्य स्पष्ट करते हुये अपेक्षित राशि की उचित स्त्रोत से वसूली करने के पश्चात मिश्रित निधि में जमा करवाना सुनिश्चित किया जाए।

13 मिश्रित निधि से जारी अग्रिम राशि ₹37500 का समायोजन न करनाः—

राजकीय महाविद्यालय बासा (गोहर) जिला मण्डी द्वारा निम्नानुसार अग्रिम राशियों का भुगतान समिश्रित निधि से किया गया जिसके समायोजन लेखे अंकेक्षण में प्रस्तुत नही किये गये अतः भुगतान की गई अग्रिम राशियों के समायोजन हेतु समुचित कार्यवाही अमल में लाते हुये समायोजन लेखों को प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें अन्यथा अग्रिम राशि को दण्ड ब्याज संहित वसूली करके समिश्रित निधि में जमा किया जाना सुनिश्चित करें। समायोजन हेतु शेष अग्रिम राशियों का विवरण निम्न प्रकार था।

क0 सं0	दिनाँक	चैक सं0	भुगतान की गई अग्रिम राशि	जिसको भुगतान किया गया	उद्धेश्य
1	4.11.10	6347648	20,000	श्री राजेश कुमार	कुल्लू में यूथ फैसटीवल ग्रुप–II में हिस्सा लेने हेतु।
2	25.11.10	6229677	7500	श्री आलम चन्द	जिला ऊना में एथलेटिक मीट में हिस्सा लेने हेतु।
3	16.9.11	5342061	10,000	श्रीमती जया ठाकुर	यूथ फैसटीवल ग्रुप–I में हिस्सा लेने हेतु।

14 अखबारों की रद्दी की निलामी न करनाः–

महाविद्यालय द्वारा अवधि 8.11.11 के पश्चात अखबारो की रददी की निलामी नहीं की गई। अतः अखबारों की रददी की निलामी की जानी सुनिश्चित करें व प्राप्त आय को महाविद्यालय की समिश्रित निधि में जमा किया जाना सुनिश्चित करें।

15 स्टॉक का प्रत्यक्ष सत्यापन न किया जानाः–

अंकेक्षण अवधि के दौरान महाविद्यालय निधियों के स्टॉक में पड़े सामान का प्रत्यक्ष सत्यापना (Physical verification) नही किया गया। जबकि हिमाचल प्रदेश वित नियम की धारा 15 (17) के अन्तर्गत प्रत्येक वर्ष स्टॉक में पड़े सामान का प्रत्यक्ष सत्यापना करवाया जाना अपेक्षित है। अतः नियमों की अवहेलना करके प्रत्येक वर्ष प्रत्यक्ष सत्यापना न करवाने का औचित्य स्पष्ट किया जाये अन्यथा निधियों के स्टॉक/स्टोर का प्रत्यक्ष सत्यापना करवाना सुनिश्चित करे अनुपालना से इस विभाग को अवगत करवाया जाये।

16 लधु आपत्ति विवरणीः– यह अलग से जारी नहीं की गई है।

17 निष्कर्षः– लेखों में निरन्तर सुधार की आवश्यकता है।

हस्ता/–

उप निदेशक,
स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग,
हिमाचल प्रदेश, शिमला–171009.

पृष्ठांकन संख्याः फिन(एल0ए0)एच(2)सी(15)xi(xi) 284/2000 खण्ड–I–3641–3644 दिनांक 25.06.2015, शिमला–09.

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित है :–

1 अतिरिक्त मुख्य सचिव (शिक्षा) हिमाचल प्रदेश शिमला–171002
2 निदेशक, (उच्च शिक्षा) विभाग, हिमाचल प्रदेश, शिमला–171001
पंजीकृत 3 प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय बासा (गोहर), जिला मण्डी, हि0प्र0 को इस आशय के साथ प्रेषित की जाती है कि वह इस अंकेक्षण प्रतिवेदन पर की गई कार्रवाही का सटिप्पण उत्तर एक माह के भीतर इस विभाग को भेजना सुनिश्चित करें।
4 श्री तारा चन्द महन्त, सहायक नियन्त्रक (ले0प0) द्वारा..............................

हस्ता/–
उप निदेशक,
स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग,
हिमाचल प्रदेश, शिमला–171009.

पैरा सं0 1 (ग) से सन्दर्भिमत

परिशिष्ट "A"

अवधि 4/2000 से 3/04

1	पैरा–7	अनिर्णीत	
2	पैरा–10	निर्णीत	अपेक्षित अभिलेख की जाँच वर्तमान अंकेक्षण के दौरान कर ली गई है।
3	पैरा–11	निर्णीत	मु0 ₹340.00 की वसूली रसीद सं0 2231 दिनाँक 13.12.2010 के अन्तर्गत कर ली गई है।

अंकेक्षण प्रतिवेदन अवधि 4/2004 से 3/09

1	पैरा–3 क (1)	अपडेटिड।	
2	पैरा–3 (ख)	निर्णीत	
3	पैरा–4	निर्णीत	अंकेक्षण शुल्क N.P Page-244 ₹35000
4	पैरा–5 (1)	निर्णीत	अपेक्षित अभिलेख का अनुरक्षण किया जा रहा है।
5	पैरा–5 (ii)	निर्णीत	निधियों की राशि को देरी से जमा करवाने के कारण हुई ब्याज की हानि को दण्ड शुल्क सहित निम्नानुसार जमा करवाई गई जिसकी वर्तमान अंकेक्षण में पुष्टि की गई है। (1) श्री–डी पठानिया–₹1487 रसीद सं0 2082 दिनाँक 10.02.15 (2) श्री कोष पाल ₹74.00 रसीद सं0 2083 दिनाँक 10.02.15 (3) श्री दीपक गौतम ₹102 रसीद सं0 2084 दिनाँक 10.02.15
6	पैरा–6	अनिर्णीत	
7	पैरा–7	निर्णीत	प्रस्तुत उत्तर के आधार पर पैरा निर्णीत।
8	पैरा–8	निर्णीत	प्रस्तुत उत्तर के आधार पर पैरा निर्णीत।
9	पैरा–9	निर्णीत	अपेक्षित फीस की वसूली कर ली गई है व माँग व वसूली रजिस्टर पेज 65 पर दर्ज है।
10	पैरा–10	निर्णीत	अपेक्षित अभिलेख का अनुरक्षण कर लिया गया है।

11	पैरा–11 i व (ii)	अनिर्णीत